| दिनांक 22.09.2024 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 29/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–142**

- **25–25 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 22.09.2024 को थाना सेक्टर–142 व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–नीरज 2–बृजपाल 3–रामवीर उर्फ गदल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना सेक्टर–142 पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–142 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नीरज निवासी अर्चना एन्क्लेव थाना खोडा कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2–बृजपाल निवासी ग्राम ठेठ थाना चांदपुर जनपद बिजनौर।

3–रामवीर उर्फ गदल निवासी ग्राम गांगलकोला थाना हसनपुर जनपद अमरोहा।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस।

2–घटना में प्रयुक्त 02 दो पहिया वाहन आदि।

## जनपद एटा/थाना मारहरा

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 22.09.2024 को थाना मारहरा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कुटेना नहर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त आशू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना मारहरा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मारहरा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आशू निवासी मो0काजी थाना मारहरा जनपद एटा।

## जनपद सिद्धार्थनगर/थाना शोहरतगढ़

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण**
- **25 हजार रूपये नगद**
- **04 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 22.09.2024 को थाना शोहरतगढ़ व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नकथर से परिगवां जाने वाले मार्ग से 04 अभियुक्तों 1—रंजीत 2—अकरम 3—करीमुल्ला 4—मो0रफीक उर्फ पंचर को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण, 25 हजार रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.09.2024 को थाना शोहरतगढ़ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना शोहरतगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–रंजीत निवासी नवडिहवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

2–अकरम निवासी सेहरिया टोला औरहवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

3–करीमुल्ला निवासी मधवापुर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

4–मो0रफीक उर्फ पंचर निवासी सेहरिया टोला औरहवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–25 हजार रूपये नगद।

3–04 मोबाइल फोन।

4–घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

## <u>जनपद बरेली/थाना आंवला</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 22.09.2024 को थाना आंवला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मनौना से कसूमरा रोड़ पर चेंकिग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से

फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—संजय 2—उस्मान 3—राहुल घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 03 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त संजय व राहुल के विरूद्ध थाना आंवला में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 06—06 अभियोग एवं अभियुक्त उस्मान के विरूद्ध थाना आंवला में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना आंवला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—संजय निवासी मो0ताडगंज थाना आवला जनपद बरेली।

2—उस्मान निवासी मो0 प्रगति नगर थाना आंवला जनपद बरेली।

3—राहुल निवासी मो0बजरिया थाना आंवला जनपद बरेली।

**<u>बरामदगी</u>**

1—03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—03 मोबाइल फोन।

3—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

## <u>जनपद बरेली/थाना फतेहगंज</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 आटो आदि बरामद**

दिनांक 21.09.2024 की रात्रि थाना फतेहगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर द्वारिकेश चीनी मील के पास बदमाशों की घेराबन्दी किया गया तो बदमाशों ने पुलिस

टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक मुख्य आरक्षी घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–आरिफ 2–आलम घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–अशफाक सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 आटो आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त आरिफ के विरूद्ध जनपद पीलीभीत, बदायूँ, बरेली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 17 अभियोग एवं अभियुक्त आलम के विरूद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना फतेहगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–आरिफ निवासी मेवा सरफापुर थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

2–आलम निवासी मेवा सरफापुर थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

3–अशफाक निवासी स्वालेनगर थाना किला जनपद बरेली।

**<u>बरामदगी</u>**

1–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 आटो आदि।

## <u>जनपद शाहजहाँपुर/थाना कांट</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 31 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 256 ग्राम अवैध अफीम**
- **02 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 22.09.2024 को थाना कांट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम दिलावरपुर, नहर के पास से 02 अभियुक्तों 1– श्यामदेव 2– गुलशन कुमार को गिरफ्तार

किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 31 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 256 ग्राम अवैध अफीम, 02 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कांट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—श्यामदेव निवासी बडरिया थाना भुता जनपद बरेली, हालपता मो0कछियाना थाना व कस्बा विशारतगंज जनपद बरेली।

2—गुलशन कुमार निवासी ग्राम मिलक मझारा थाना भमौरा जनपद बरेली।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लगभग 01 करोड़ 31 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 256 ग्राम अवैध अफीम।

2—02 मोबाइल फोन आदि।

——————